नव भारत
राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से


5 ग्लोबल वार्मिंग से तबाही


6 युद्ध खत्म करने की अपील का कितना असर


7 ऑटो बाजार में त्योहारों की रफ्तार, कंपनियों की बिक्री ने तोड़े रिकॉर्ड


8 टी 20 क्रिकेट में शुभमन गिल का भविष्य खतरे में

पीएम मोदी की अपील के बाद भी लोगों का कम नहीं हो रहा सोने का मोह

# सोना अब भी सोणा !

## 32% बढ़ गया सोने का आयात

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते चार महीने में दो बार भारतीयों से सोना कम खरीदने की अपील कर चुके हैं. अपील का साफ आर्थिक संदेश है, अगर भारत आत्मनिर्भर बनना चाहता है, तो उपभोक्ताओं की खरीदारी की पसंद में बदलाव लाना होगा. मंगलवार को बिश्केक से पीएम द्वारा की गई अपील के बाद सोना फिर चर्चा में है. सोने-चांदी के दाम में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,855 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए हो गई है. वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 2,059 रुपए गिरकर 2.28 लाख रुपए पर आ गई है. सराफा कारोबारी इसे जहां प्रधानमंत्री की अपील के रूप में देख रहे हैं, वहीं बाजार विशेषज्ञ अपील के साथ कच्चे तेल की कीमत में तेजी भी वजह मान रहे है. बहरहाल अपील के बाद 2 दिन में ही चांदी करीब 9,000 और सोना 4,500 रुपए सस्ता हो चुका है. जिसके कारण ज्वेलरी कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है. इधर अपील के विपरीत भारतीय जनमानस सोना की खरीदी में किफायत दिखाता नहीं जान पड़ रहा है. पिछले चार माह में सोने का आयात पिछले साल के मुकाबले 32 प्रतिशत बढ़ा है, यानी देश की जनता के लिए महंगा सोना भी सोणा है.

### 4 माह में सोना-चांदी की चाल

— बाजार में उतार-चढ़ाव जारी —

चालू वित्त वर्ष (FY 2026-27) के शुरुआती 4 महीनों (अप्रैल से जुलाई) में भारत का सोने का आयात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 32% से अधिक बढ़ा।

**4 माह में सोने-चांदी के भाव**

| तारीख | सोना (₹/10 ग्राम) | चांदी (₹/किलो) |
|---|---|---|
| 31 मई | 1,56,463 | 2,63,350 |
| 30 जून | 1,41,286 | 2,25,425 |
| 31 जुलाई | 1,42,860 | 2,18,295 |
| 31 अगस्त | 1,55,835 | 2,37,199 |
| 2 सितंबर | 1,51,328 | 2,28,360 |

नोट: भाव रुपये में हैं। | स्रोत: सर्राफा बाजार

**भारत का सोने का आयात (Gold Import) बढ़ा**

| महीना | आयात मूल्य (USD) | भारतीय रुपये में (लगभग) |
|---|---|---|
| मई 2026* | 3.41 बिलियन | ~₹32,531 करोड़ |
| जून 2026* | 1.97 बिलियन | ~₹18,793 करोड़ |
| जुलाई 2026* | 4.16 बिलियन | ~₹39,686 करोड़ |

* आंकड़े अस्थायी हैं। | स्रोत: वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार

FY 2026-27 की शुरुआत में भारत का सोने का आयात **32% से अधिक बढ़ा**

### रुपया होता है कमजोर

जब सोने का इंपोर्ट बढ़ता है, तो डॉलर की मांग बढ़ जाती है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ता है. इससे रुपया कमजोर होता है. पश्चिम एशिया में युद्ध और उसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहले से ही दबाव में है.

### सोने का अर्थव्यवस्था पर सीधा असर

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा सोना इस्तेमाल करने वाले देशों में से एक है, लेकिन मांग के मुकाबले घरेलू उत्पादन बहुत कम है. इसलिए, ज्वेलरी और निवेश के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर सोने का आयात करना पड़ता है. एक रिपोर्ट के अनुसार, तेल के बाद सोना भारत में सबसे ज़्यादा आयात की जाने वाली चीज है और यह व्यापार घाटे में बड़ी भूमिका निभाता है. अप्रैल से शुरू हुए वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में सोने का आयात पिछले साल के मुकाबले 32% से ज्यादा बढ़ गया, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा. जुलाई में व्यापार घाटा बढ़कर लगभग 32 अरब डॉलर हो गया, जो जनवरी के बाद सबसे ज्यादा है. पिछले साल के मुकाबले 2026 में भारत का सोना आयात बढ़कर रिकॉर्ड 71.98 बिलियन डॉलर हो गया. 2023-24 में इंपोर्ट 45 .54 बिलियन डॉलर और 2022-23 में 35 बिलियन डॉलर था.

### फरवरी तक होती है खरीदी

सितंबर से फरवरी का समय ज्वैलरी इंडस्ट्री और बड़े रिटेल सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दौरान त्योहारों का मौसम शुरू होता है और उसके बाद शादी-ब्याह का मौसम आता है. सोने की मांग में कमी या ज्यादा रीसाइक्लिंग से आयात कम करने में मदद मिल सकती है. इससे देश का व्यापार घाटा कम हो सकता है और डॉलर की मांग घट सकती है, जिससे रुपये पर दबाव कम होगा.

# प्रदेश में फिर झमाझम

## चार संभागों में जबरदस्त सिस्टम सक्रिय


**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 2 सितंबर. मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तगड़ा मानसूनी सिस्टम सक्रिय हुआ है. जिससे जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में बुधवार को भारी बारिश का दौर शुरु हो गया है.**

मौसम विभाग के अनुसार यह दौर अगले तीन दिन तक जारी रहेगा. इधर, मध्य क्षेत्र में अगले दो दिनों में बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर है. रामघाट की करीब 400 दुकानें और 20-25 होटल डूब गए हैं. सतना में 2 और 3 सितंबर को स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश दिए गए हैं.

### उत्तराखंड में बारिश से 12 मौत

उत्तराखंड में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है. बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई. नैनी झील का जलस्तर 88 फीट पार होने के बाद चैनल खोल दिए गए हैं.



नेपाल के त्रासदी से जल्द उबरने की कामना करते हैं!

# टोल वसूली में करोड़ों का घोटाला

▶ 7 राज्यों में 14 ठिकानों पर ईडी ने मारे छापे

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 सितंबर. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विभिन्न टोल प्लाजा पर कथित धोखाधड़ी से वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की. केंद्रीय एजेंसी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और पश्चिम बंगाल में करीब 14 स्थानों पर तलाशी ली.**

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई है. मामले में आरोप है कि कुछ टोल प्लाजा पर टोल रसीदें तैयार करने के लिए अधिकृत व्यवस्था के बजाय अनधिकृत सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया गया. इसके जरिए टोल से प्राप्त रकम का एक हिस्सा कथित तौर पर आधिकारिक अकाउंटिंग सिस्टम से बाहर डायवर्ट किया गया. फोरेंसिक पड़ताल और एनएचएआई के रिकॉर्ड की जांच के दौरान ऐसे सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं.

## कांग्रेस नेता संजय शर्मा पर भी शिकंजा



**नरसिंहपुर.** जिले में बुधवार सुबह से देर शाम तक ईडी टीम की पूर्व कांग्रेस विधायक संजय शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी जारी रही. इस दौरान कारोबारी रिकॉर्ड समेत अन्य दस्तावेजों को भी खंगाला गया है. नरसिंहपुर एसपी ऋषिकेश मीना ने बताया कि पूर्व विधायक संजय शर्मा के राजमार्ग चौराहा स्थित होटल, तेंदूखेड़ा स्थित कार्यालय में ईडी ने कार्रवाई की है. इसके साथ ही उनके करीबी सहयोगियों के परिसरों में दस्तावेजों की सघन जांच की है. टोल प्लाजा पर एक अनधिकृत सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का उपयोग किया जा रहा था, जिसके माध्यम से समानांतर फर्जी टोल रसीदें काटी जाती थीं. इसी के साथ राजमार्ग स्थित मुख्य कारोबारी कार्यालय, तेंदूखेड़ा स्थित दफ्तर और देवरी स्थित कार्यालय में ईडी ने दस्तावेजों को खंगाला है. इसके अलावा तेंदूखेड़ा वार्ड क्रमांक-9 स्थित कारोबारी सहयोगी के आवास में भी पड़ताल की है.

### ▶ एक नजर में ◀

#### सीजेपी ने वापस लिया 5 सितंबर का दिल्ली मार्च

**नईदिल्ली.** कॉकरोच जनता पार्टी ने कोर्ट को बताया कि वे 5 सितंबर को होने वाले मार्च की अपनी घोषणा वापस ले रहे हैं. सीजेपी के प्रवक्ता ने कोर्ट में कहा कि यह फैसला केंद्र सरकार की तरफ से मिले सकारात्मक भरोसे और आज कोर्ट द्वारा पारित आदेश को देखते हुए लिया गया है.

#### पीएनबी करेंसी चेस्ट में 17 करोड़ की नकली करेंसी

**सहारनपुर.** पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये की नकली करेंसी मिलने के मामले में जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है. मामले में नाम सामने आए तीन आरोपितों के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं. अब इन खातों में हुए पुराने लेनदेन की जांच की जा रही है.

#### पहलगाम में बादल फटे बाढ़ में फंसे लोग

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में मौसम के बदलते मिजाज के बीच कई इलाकों में भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया है. कश्मीर संभाग के पहलगाम में बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए. निचले हिस्सों में पानी भरने से होटल, दुकान और मकान प्रभावित हुए.

# जेल में कट्टा मंगाया प्रहरी को गोली मारी

▶ लापरवाही पर अधीक्षक आरके चौरे निलंबित

▶ रायसेन जेल से कैदी ने भागने के लिए की वारदात

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 02 सितंबर. रायसेन जिला जेल में बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे जेल से फरार होने के प्रयास में एक कैदी ने प्रहरी को देशी कट्टा से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसे एम्स भोपाल रेफर किया गया है. इस गंभीर सुरक्षा चूक के चलते जेल प्रशासन ने जेल अधीक्षक आरके चौरे को निलंबित कर दिया है.**



एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि बुधवार को जेल में रक्षाबंधन पर कार्यक्रम रखा गया था. इस बीच हत्या के प्रयास के आरोप में बंदी निलेश ठाकुर नामक कैदी फलों की एक टोकरी लेकर जेल के मुख्य गेट पर पहुंचा और गेट खुलवाने के लिए वहां तैनात प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर पर दबाव बनाया, लेकिन जब प्रहरी तोमर ने गेट नहीं खोला तो फलों की टोकरी में छिपा कर रखे देशी कट्टा से आरोपी निलेश ने तोमर पर फायर कर दिया. जिससे प्रहरी बाई तरफ पीठ में गोली लगकर नीचे फेफड़े की ओर चली जाने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया. घटना से जेल में हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही जेल अधीक्षक आरके चौरे सहित अन्य प्रहरी गेट पर पहुंच गए और हमलावर कैदी को पकड़ लिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### जेल में हथियार कैसे पहुंचा, बड़ा सवाल

एसडीओपी प्रतिभा शर्मा का कहना है कि जेल के अंदर अवैध हथियार कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचा, इसकी भी जांच की जा रही है. मामला बहुत बड़ा और गंभीर है. जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है. इसमें जेल प्रहरियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है. गंभीर रूप से घायल जेल प्रहरी तोमर को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एम्स भोपाल रेफर किया गया है.

# दिशा सालियान मौत की जांच अब सीबीआई करेगी

**नवभारत न्यूज**

**मुंबई, 02 सितंबर. अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी. बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले में यह निर्देश जारी किया है.**

दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने के बाद हुई थी. उनकी उम्र 28 वर्ष थी. दिशा की मौत के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे. समय के साथ दोनों मामलों को लेकर कई तरह के दावे और चर्चाएं सामने आती रही हैं.



▶ बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

# वोट चोर सरकार को जनता की जरूरत नहीं

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 सितंबर. दिल्ली और महाराष्ट्र में एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम बाहर किए जाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग और भाजपा पर हमला बोला है.**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर कर रही है. उन्होंने चुनाव आयोग को लेकर भी तीखी टिप्पणी की. राहुल ने महाराष्ट्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच राज्य में करीब 39 लाख नए मतदाता जुड़े थे.अब एसआईआर के ड्राफ्ट में करीब 2.07 करोड़ नाम शामिल नहीं होने पर उन्होंने प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए.

## एसआईआर पर राहुल का हमला

उन्होंने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए भी मतदाता नामों को हटाए जाने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई. राहुल गांधी का आरोप है कि बड़ी संख्या में लोगों के नाम गलत तरीके से हटाए गए और यह पूरी कवायद भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने की कोशिश का हिस्सा है. हालांकि, ये आरोप कांग्रेस की ओर से लगाए गए हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एसआईआर के आंकड़ों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा.



# ईरान में शादी समारोह में मिसाइल बरसीं

## 3 दिन में दूसरी बार यूएस हमला

**नवभारत न्यूज**

**वॉशिंगटन, 02 सितंबर. अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ा तनाव अब सैन्य टकराव में बदलता दिखाई दे रहा है. अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात ईरान के सिरिक, खुजस्तान, केशम द्वीप और बंदर अब्बास से जुड़े इलाकों में हमले किए. रिपोर्ट के मुताबिक हमलों में मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया.**

ईरान ने आरोप लगाया है कि सिरिक के कुहस्तक इलाके में एक रिहायशी घर को निशाना बनाया गया, जहां शादी समारोह चल रहा था. ईरानी अधिकारियों के अनुसार, हमले में कई लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए.

सरकारी मीडिया की अलग-अलग रिपोर्टों में मृतकों और घायलों की संख्या अलग-अलग बताई गई है. एक रिपोर्ट में चार लोगों की मौत और 50 लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई, जबकि बाद के दावे में मृतकों की संख्या पांच और घायलों की संख्या 68 बताई गई. खुजस्तान प्रांत में अमेरिकी हमले में सात लोगों की मौत और आठ के घायल है.



### अमेरिका का दावा- सैन्य ठिकाने थे लक्ष्य

अमेरिकी पक्ष ने इन हमलों को ईरान के सैन्य ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई बताया है. तनाव की मुख्य वजह होर्मुज स्ट्रेट को लेकर विवाद है.

# शक्ति की ऐतिहासिक उड़ान

## पहली गैर-चिकित्सकीय महिला एयर वाइस मार्शल

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 2 सितंबर. भारतीय वायुसेना की अधिकारी एयर वाइस मार्शल शक्ति शर्मा ने सशस्त्र बलों में महिला नेतृत्व से जुड़ी एक नई उपलब्धि दर्ज की है.**

वह गैर-चिकित्सकीय शाखा से एयर वाइस मार्शल या समकक्ष दो-स्टार रैंक हासिल करने वाली पहली महिला अधिकारी बनी हैं. उन्होंने 1 सितंबर 2026 को वायुसेना मुख्यालय में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (शिक्षा) का पद संभाला. शक्ति शर्मा ने अपने सैन्य करियर की शुरुआत 18 जून 1994 को भारतीय वायुसेना की शिक्षा शाखा में कमीशन मिलने के साथ की थी. तीन दशक से अधिक की सेवा के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण केंद्रों, वायुसेना स्टेशनों, कमान मुख्यालयों और वायुसेना मुख्यालय में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं. एयर वाइस मार्शल बनने से पहले वह एयर कमोडोर के पद पर कार्यरत थीं.



हद हो गई ▶ एम्स दिल्ली में जीवन पर भारी नौकरशाही ने ले ली मासूम की जान


# सर्जरी का इंतजार कर रही तन्वी को मौत ले गई

▶ तन्वी को दो हफ्ते पहले एम्स में भर्ती कराया था

▶ जन्म से ही दिल की जटिल बीमारी का इलाज करा रही थी

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 02 सितंबर. कोटा की एक 15 साल की लड़की की एम्स दिल्ली में मौत हो गई. वह जन्म से ही दिल की एक जटिल बीमारी के इलाज के लिए दो साल की उम्र से एम्स आ रही थी. तन्वी को लगभग दो हफ्ते पहले एम्स में भर्ती कराया गया था.**



तन्वी के पिता ने बताया कि वह 13 साल से ज्यादा समय से एम्स के चक्कर लगा रहे थे. सर्जरी की तारीखें तय तो होती थीं, लेकिन बाद में बदल दी जाती थीं और सर्जरी कभी नहीं हो पाई. अभी डॉक्टरों से बातचीत के बाद ही तन्वी को भर्ती किया गया था और संभावित ट्रांसप्लांट के लिए उसकी जांच की जा रही थी. डॉक्टरों ने कई दस्तावेज और जांचें मांगीं, जिनमें दिल की जांच भी शामिल थी.

### विभाग प्रमुख ने बताई स्थिति

तन्वी मौत के बारे में पूछे जाने पर, सीटी सेंटर के सीटीवीएस विभाग प्रमुख डॉ. वी. देवगौरू ने बताया कि 2012 में तन्वी को वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट और पल्मोनरी एट्रेसिया होने का पता चला था और 2013 में सर्जरी के लिए उसकी जांच की गई थी. उन्होंने कहा कि 2018 में सर्जरी न करने का फैसला किया गया और उसके बाद उसका इलाज दवाइयों से किया गया. उसे 24 अगस्त को हार्ट-लंग ट्रांसप्लांट की संभावना की जांच के लिए भर्ती किया गया था. उन्होंने बताया कि ट्रांसप्लांट की तैयारी के तहत सोमवार को तन्वी की एंडोस्कोपी की गई थी.

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर बीजेपी का बड़ा अभियान

**वाराणसी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौके पर भारतीय जनता पार्टी देश के पूर्व से पश्चिम तक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है. इसके तहत उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गुजरात के वडनगर और वडनगर से वाराणसी तक दो समानांतर यात्राएं निकाली जाएंगी. प्रस्तावित अभियान करीब एक महीने तक चलेगा. यात्रा की शुरुआत दोनों शहरों से एक साथ होगी. वाराणसी से 10 टीमें वडनगर के लिए रवाना होंगी.

▶ 17 सितंबर से बीजेपी का मिशन पूर्व-पश्चिम

# पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र संभालेंगे राम मंदिर

## तीन नए ट्रस्टी बने, चंपत राज खत्म

**अयोध्या, 02 सितंबर. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( सीईओ ) को लेकर निर्णय हो गया है. एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ट्रस्ट के सीईओ चुने गए हैं. अयोध्या की मणिरामदास छावनी में महंत नृत्यगोपालदास की अध्यक्षता में हुई ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया.**

बैठक में ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ ही आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे. वहीं, ट्रस्ट की बैठक में तीन नए सदस्यों की भी घोषणा की गई है. नए शामिल होने वाले सदस्यों में मदन मोहन पांडेय अयोध्या के, महेश भागचंदका दिल्ली के और निर्मला यादव अयोध्या से हैं. भारतीय वायुसेना में करीब चार दशक तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके मिश्रा मंदिर की प्रशासनिक और संचालन व्यवस्थाएं संभालेंगे.



### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निभाई मुख्य भूमिका

एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पहला सीईओ नियुक्त किया गया है. देवरिया के भोपतपुरा गांव से आने वाले मिश्रा ने वायुसेना में करीब चार दशक सेवा की. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई महत्वपूर्ण सैन्य जिम्मेदारियां संभालीं. अब वह मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था, संचालन, सुरक्षा और श्रद्धालु सुविधाओं को व्यवस्थित करेंगे.